DAINIK DELHI NEWS

# दैनिक दिल्ली

वीरवार, 19 नवंबर 2020 | **AAT - 4257** | REGD. No. - DL11D0017293



श्री Krishna PROPERTIES

SALE - PURCHASE - COLLABORATION - FINANCE ADVISOR

9211199864 - 7982198882


## दिल्ली में कोरोना विस्फोट, इन दो जिलों में सबसे ज्यादा केसलोड-कंटेनमेंट जोन



दिल्ली में कोरोना मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ता जा रहा है. राष्ट्रीय राजधानी के दो जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं. इन दोनों जिलों में सबसे अधिक कंटेनमेंट जोन के साथ ही सबसे अधिक एक्टिव केस हैं. साउथ-वेस्ट और साउथ जिले सबसे अधिक कोरोना की मार झेल रहे हैं. गृह मंत्रालय को भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ-वेस्ट जिले में सबसे अधिक कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं. इस जिले में 740 कंटेनमेंट जोन के साथ ही 6391 एक्टिव केस है. इसके अलावा साउथ जिले में भी 700 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं. यहां 5815 एक्टिव केस है. वहीं, नार्थ-वेस्ट जिले में 5225 एक्टिव केस हैं.

15 नवंबर तक के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में अभी 43 हजार 774 एक्टिव केस हैं और 11 जिलों में 4430 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं. इन्हीं कंटेनमेंट जोन में राजधानी के 35.35 फीसदी एक्टिव केस हैं. बाकी एक्टिव केस, कंटेनमेंट जोन से बाहर मिले हैं. कई विशेषज्ञ दिल्ली के कंटेनमेंट जोन पॉलिसी को बदलने की मांग कर रहे हैं.

12 सितंबर तक दिल्ली के सभी एक्टिव केस में महज 19 फीसदी ही कंटेनमेंट जोन में थे. 18 अक्टूबर तक यह आंकड़ा बढ़कर 33 फीसदी हो गया. बताया जा रहा है कि माइक्रो कंटेनमेंट जोन पॉलिसी में बदलाव की रणनीति बनाई जा रही है. जून तक 421 कंटेनमेंट जोन में 3 लाख लोग रह रहे थे, जबकि 15 नवंबर तक 4430 कंटेनमेंट जोन में 1.60 लाख लोग रहते हैं.


SAARA SMART LED LIGHTING SOLUTIONS

SERVOTEC smart power solutions

SERVOTECH POWER SYSTEMS LIMITED

CIN: L31200DL2004PLC129379

Registered Office: 806, 8th Floor, Crown Heights, Hotel Crown Plaza, Sector-10, Rohini, New Delhi-110085

Tel No : 011-41183117,• Email: investor.relations@servotechindia.com •Website: www.servotech.in

**PUBLIC NOTICE FOR ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS OF THE COMPANY IN RESPECT OF INFORMATION REGARDING 16TH ANNUAL GENERAL MEETING TO BE HELD ON SATURDAY, 19TH DECEMEBER, 2020 THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC)/OTHER AUDIO-VISUAL MEANS (OAVM)**

1. Shareholders may note that the 16th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held through Video conferencing (VC)/Other Audio-visual means (OAVM) on Saturday, 19th December, 2020 at 11:00 am IST in compliance with General Circular numbers 20/2020, 14/2020, 17/2020 and all other applicable laws and circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA), Government of India and Securities and Exchange Board of India (SEBI), to transact the business that will be set forth in the Notice of the Meeting.

2. In compliance with the above circulars, electronic copies of the Notice of the 16th AGM and Annual Report for financial year 2019-20 will be sent to all the shareholders whose email addresses are registered with the Company/Depository Participant(s). The notice of the 16th AGM and Annual Report for financial year 2019-20 will also be made available on the Company's website, at www.servotech.in, stock exchange websites and on the NSDL's website, at www.evoting.nsdl.com

3. **Manner for registering email addresses:**

   1. In case shares are held in Physical mode, please send a request to the Registrar and Transfer Agents of the Company i.e. Bigshare Services Private Limited ("Bigshare) at info@bigshareonline.com providing folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address.

   2. In case shares are held in dematerialized mode, please contact your Depository Participant (DP) and register your email address and bank account details in your demat account, as per the process advised by your DP.

4. **Manner of casting vote through e-voting:**

   Shareholders will have an opportunity to cast their vote remotely on the business as set forth in the Notice of the AGM through electronic voting system. The manner of voting remotely for shareholders holding shares in dematerialized mode, physical mode and for shareholders who have not registered their email addresses will be provided in the Notice to the shareholders which will also be made available on the website of the Company.

5. **Manner of registering/updating Bank details for receiving dividend electronically.**

   Shareholders are requested to update their complete bank details with their depositories (where shares are held in dematerialized mode) and with the RTA of the Company i.e. Bigshare (where shares are held in physical mode) at info@bigshareonline.com along with details; a) Name and Branch of the Bank in which you wish to receive the dividend, if paid in the future, b) the Bank Account type, c) Bank Account Number allotted by their banks after implementation of Core Banking Solutions d) 9-digit MICR Code Number, e) 11-digit IFSC Code and f) a scanned copy of the cancelled cheque bearing the name of the first shareholder.

6. The Notice of the 16th AGM will be sent to the shareholders in accordance with the applicable laws on their registered email address in due course.

**For Servotech Power Systems Limited**

**SD/-**
**Priya Pandey**
**Company Secretary**

**Date: 18th November, 2020**
**Place: New Delhi**


## बद्रीनाथ धाम के कपाट आज किए जाएंगे शीतकाल के लिए बंद



चमोली उत्तराखंड

बद्रीनाथ धाम के कपाट आज किए जाएंगे शीतकाल के लिए बंद ग्रित कंबल में **6** माह तक विश्राम करेंगे भगवान बद्री विशाल पूर्व से चली आ रही परंपराओं के अनुसार इस वर्ष भी भगवान बद्री विशाल के कपाट अपने निर्धारित समय पर आज **3:35** श्याम को शीतकाल के लिए पूरे विधि विधान के साथ बंद कर दिए जाएंगे

आपको बता दें भगवान बद्री विशाल के कपाट बंद करने के दौरान वेद पाठ विष्णु सहस्त्रनाम लक्ष्मी जी का गर्भ ग्रह में प्रवेश आदि कार्य भी किए जाते हैं

भगवान बद्री विशाल के कपाट बंद होने के बाद बद्रीनाथ धाम से **6** किलोमीटर पहले हनुमान चट्टी के कपाट भी पूरे विधि विधान के साथ बंद कर दिए जाते हैं जिसके बाद भगवान बद्री विशाल की डोली को जोशीमठ स्थित नरसिंह मंदिर लाया जाएगा **6** माह तक भगवान बद्री विशाल की पूजा जोशीमठ स्थित नरसिंह मंदिर में की जाएगी।


रिपोर्ट केशर सिंह नेगी

## यह इलेक्ट्रिक सुपर कार है सबसे तेज

अक्सर सुपर कार अपनी इंजन की तेज आवाज, आकर्षक डिजाइन और महंगी कीमत के लिए जानी जाती हैं, लेकिन हाल ही में एक ऐसी सुपर कार सामने आई है जो न ही तेज आवाज करती है और न ही किसी तरह का प्रदूषण और यह पर्यावरण के लिए भी बिलकुल सुरक्षित है। हम बात करे रहे हैं बैटरी से चलने वाली एक सुपर कार के बारें में जिसे हाल ही में अमेरिका में तैयार किया गया है।



## अप्रीलिया SXR 160 अगले माह हो सकती है लॉन्च



अप्रीलिया इंडिया अपनी मैक्सी-स्कूटर अप्रीलिया एसएक्सआर **160** को दिसंबर माह के पहले या दूसरे सप्ताह में लॉन्च कर सकती है। इसे इस साल फरवरी में आयोजित हुए ऑटो-एक्सपो **2020** में पहली बार प्रदर्शित किया गया था। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार अप्रीलिया अपनी एसएक्सआर **160** को अगले कुछ हफ्तों में डीलरशिप तक पहुंचाना शुरू करने वाली है।

## जानिए हर साल क्यों मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

जिस तरह ***8*** मार्च का दिन दुनिया की हर महिला के लिए बेहद खास होता है, क्योंकि इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाते हुए विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार को प्रकट किया जाता है। ठीक उसी तरह ***19*** नवंबर का दिन हर पुरूष के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस के रूप में मनाया जाता है।

